राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः–प.14(76)RSSB /अर्थना / स.बा.वि.से. / एन.टी.टी. / पात्रता जांच / पार्ट–II / 2018 / 1006 दिनांक : 06.09.2021

–::कार्यालय आदेश::–

पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2018

बोर्ड द्वारा समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में दिनांक 10.11.2020 को संशोधित परीक्षा परिणाम जारी कर गैर अनुसूचित क्षेत्र के 1130 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 220 कुल 1350 रिक्त पदों के 3 गुना अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सफल घोषित किया गया था। जिनमें से 1.5 गुना अभ्यर्थियों का पूर्व में दस्तावेज सत्यापन करवाकर उनमें से पात्र पाये गये 512 अभ्यर्थियों की अभिशंषा विभाग को भिजवा दी गई थी। **बोर्ड द्वारा दिनांक 03.09.2021 को परीक्षा परिणाम जारी कर पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों एवं सवहन से रहे अभ्यर्थियों की श्रेणी में परिवर्तन पश्चात् पूर्व में जारी पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की कटऑफ से अधिक अंक होने के कारण 07 अतिरिक्त अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है।**

पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में सूचीबद्ध निम्नलिखित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 14.09.2021 को प्रातः 10.00 बजे **निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग, 2, जल पथ, गांधी नगर जयपुर** पर पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें।

क्र.सं.	अभ्यर्थियो के रोल नं.	दिनांक
1.	300797 305732 306054 309382 310523 314603 320060	14.09.2021

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें:–

1– विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अन्तिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के लिये दिनांक 21.08.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन करलें। विस्तृत आवेदन एवं सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

2– विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटो प्रति स्वीकार नही की जावेगी।विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100 रूपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम संलग्न करना है।

3– शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं अति पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी (भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति (विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।

4– सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें ऑनलाईन आवेदन भरते समय परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम अंकित की है तथा उन्होनें आवेदन शुल्क 250/– रूपये ही जमा करवाये हैं, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के समय आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

5– विस्तृत आवेदनपत्र के साथ प्रमाण–पत्रों एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

6– अभ्यर्थी ने दो वर्षीय एनटीटी कोर्स जिस संस्थान से उत्तीर्ण किया है, उस संस्था को तत्समय एनटीटी कोर्स कराने का एनसीटीई से मान्यता थी, का प्रमाण–पत्र।

7– अभ्यर्थी संबंधित एनटीटी संस्थान में प्रवेश दिनांक का प्रमाण–पत्र एव उपस्थिति पत्र क्रमांक संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रति

8– अभ्यर्थी संबंधित एनटीटी संस्थान द्वारा करवाया गया स्काउट गाइड के आवासीय 7 दिवसीय शिविर का प्रमाण–पत्र।

9– कोरोना (COVID-19) महामारी के मद्देनजर उक्त दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अनुसार दस्तावेज सत्यापन दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना (COVID-19) जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर उपरोक्त निर्धारित स्थान पर उपस्थित होवें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव